आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 22.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार की अरावली क्षेत्र में शहरीकरण की कोई योजना नहीं।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डग में स्वदेशी गौवंश संरक्षण के लिए ”सेंटर ऑफ एक्सीलेंस“ बनाने की घोषणा की।
- राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन कल नागौर के मेड़ता सिटी में–केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शिरकत करेंगे।
- राज्य में कुछ स्थानों पर तेज सर्दी और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित।

000

केन्द्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार की अरावली क्षेत्र में शहरीकरण की कोई योजना नहीं है। अरावली पर्वतमाला को संरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। नई दिल्ली में एक समाचार एजेंसी से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि फुलेरा, अजमेर, उदयपुर और बूंदी सहित कई शहर अरावली पर्वत श्रृंखला क्षेत्र में स्थित हैं इसमें सदियों से बसावट है। श्री यादव ने कहा कि सरकार इन पर्वत श्रृंखलाओं को हरा–भरा रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के संरक्षित क्षेत्रों को परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि इस परिभाषा के आधार पर राज्यों को कड़े नियम बनाने होंगे।

......................

**000**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। राजस्थान में मातृशक्ति की गौरवमयी परम्परा रही है हमें उससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। श्री शर्मा आज झालावाड़ के डग में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की सरकार में पिछले दो साल में महिलाओं को आगे लाने के लिए कई अहम काम किये है।

......................

मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री शर्मा ने गोवर्धन बायोगैस प्लांट और सीता वाटिका का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने डग स्थित पशुधन अनुसंधान केंद्र में स्वदेशी गौवंश संरक्षण के लिए ”सेंटर ऑफ एक्सीलेंस“ बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में मालवी और गिर गौवंश नस्लों के संरक्षण, उन्नयन एवं सुधार से संबंधित काम किए जाएंगे। इसके साथ ही केंद्र में आधुनिक डेयरी, प्रजनन, कृत्रिम गर्भाधान सहित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस बीच विकास रथ गांव–गांव पहुंच कर राज्य सरकार की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार कर रहे है। इसी कड़ी में आज भरतपुर में विकास रथ 15 गांव में पहुंचे। बाड़मेर के कारटियां और गंगासरा में भी विकास रथों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जैसलमेर के पोकरण में भी विकास रथों का स्वागत किया जा रहा है और ओडियों वीडियों प्रस्तुतियों के जरिये सरकार के विकास कार्य व नवाचार बताए जा रहे है।

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमां की श्रृंखला में कल नागौर के मेड़ता सिटी में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन होगा। डांगावास में होने वाले इस सम्मेलन मे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री श्री शर्मा भी शिरकत करेंगे।

किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर चौधरी ने बताया की सम्मेलन में प्रदेश भर से 25 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद संसद में पारित विकसित भारत गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण 2025 अब कानून बन गया है। इसमें ग्रामीण परिवार के लोगों को 100 दिन की बजाय 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को गति देने वाले इस निर्णय का व्यापक रूप से स्वागत किया जा रहा है। काम के दिनों की संख्या बढ़ने और स्थानीय स्तर पर ही रोज़गार के मौके देने के लिए आमजन की ओर से इस फैसले के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया जा रहा है।

--------------------

बालोतारा की महिला श्रमिक ने इसे सरकार की अच्छी पहल बताया है।

अजमेर में सूफी संत ख्वाज़ा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 814 वें उर्स के मौके पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दरगाह शरीफ में चादर पेश की गई। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री की ओर से ये चादर चढ़ाई। इसके बाद, श्री रिजिजू महफिलखाना गए जहां जहां उन्होंने खादिमों से भी मुलाकात की। इसके बाद, बुलंद दरवाजे पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश पढ़ा गया।

मीडिया से बातचीत मे श्री रिजिजू ने कहा कि दरगाह से पूरी दुनिया में शांति का संदेश जाता है। इस क्षेत्र के विकास के लिए मंत्रालय की ओर से प्रयास किये जायेंगे।

-----------------------

000

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे बागड़े ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में लडकियों की बढ़ती रूचि सराहनीय है। कृषि भारतीय जीवन का आरंभ और आधार है। इसी से देश की समृद्धि की राह प्रशस्त होती है। श्री बागड़े आज उदयपुर में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि बढ़ती आबादी की जरूरतों को देखते हुए पोषक तत्वों से भरपूर अनाज उत्पादन बढ़ाने पर काम करना होगा। समारोह में राज्यपाल श्री बागड़े ने विभिन्न संकायों की 1 हजार एक सौ 81 उपाधियां प्रदान की। उन्होंने 44 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से भी सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यायल की ओर से विकसित की गई विविध उन्नत कृषि किस्मों का भी लोकापर्ण किया गया।

000

सरकार ने वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक–एफ आर आई की सहायता से केवल छह महीनों में छह सौ साठ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी रोकी है। संचार मंत्रालय ने बताया कि एक हजार से अधिक बैंकों, तृतीय–पक्ष एप्लिकेशन प्रदाताओं और भुगतान प्रणाली संचालकों ने डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म को अपनाया है। एफ आर आई को भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के सक्रिय सहयोग से चलाया जा रहा है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों की बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। मंत्रालय ने संचार साथी प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग करने वाले सभी जागरूक नागरिकों और साइबर योद्धाओं के प्रयासों की सराहना की है। इसके साथ ही नागरिक–केंद्रित सेवाओं का लाभ उठाने के लिए संचार साथी वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप का उपयोग करने का भी आग्रह किया है।

000

राज्य में कुछ स्थानों पर तेज़ सर्दी और घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। जयपुर के बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता घटकर महज 10 मीटर तक रह गई, जबकि सीमावर्ती जिले जैसलमेर और श्रीगंगानगर में भी सुबह देर तक कोहरे का असर देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। जहां एक ओर रात के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है, वहीं दिन के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी ज़िले श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली और दौसा जिलों में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

कल से उत्तर भारत से ठंडी हवाओं का असर बढ़ेगा, जिससे न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। साथ ही उत्तर–पूर्वी और उत्तर–पश्चिमी कुछ हिस्सों में फिर से घना कोहरा छा सकता है।

000

जैसलमेर में आज अन्य पिछड़ा वर्ग पर संवाद कार्यक्रम रखा गया। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश मदनलाल भाटी भी इसमे शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ओबीसी वर्ग से जुड़ मुद्दो पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा की आयोग राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति के बारे में अध्ययन कर रहा है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौपी जायेगी। डीग में भी आज अन्य पिछड़ा वर्ग जन संवाद कार्यक्रम रखा गया।

000

भीलवाड़ा की अंजली कच्छावा ने राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में 53 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। रेसलिग फडरेशन ऑफ इण्डिया की ओर से ये चैम्पियनशिप पिछले दिनों अहमदाबाद में आयोजित की गयी थी।

000

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की उस याचिका पर नोटिस जारी किया है जिसमें नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन की शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडी की याचिका पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। इस याचिका में, ईडी ने निचली अदालत के निष्कर्षों पर सवाल उठाया है और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत फैसले की अपीलीय समीक्षा की मांग की है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000